

एक व्यक्ति जिस पर सभी को नजर रखनी चाहिए वह रविंद्र जडेजा हैं, खासकर वह सीएसके के लिए कैसे बल्लेबाजी करते है। उसे बल्लेबाजी क्रम में ऊपर भेजा जा सकता है और वह चार ओवर भी फेंकेगा। - **हरभजन सिंह**

**पूर्व भारतीय क्रिकेटर, आईपीएल में रविन्द्र जडेजा को लेकर।**

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी ▶



## मोहम्मद सिराज

भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान पिता के निधन पर अपनी भावनात्मक संघर्ष के बारे में कहा कि वह कोविड-19 महामारी के दौरान 'बायो-बबल' में रहने के दौरान आने कमरे में अक्सर रोते रहते थे। हैदराबाद के इस तेज गेंदबाज के पिता मोहम्मद गौस का नवंबर 2020 में संक्षिप्त बीमारी के बाद निधन हो गया था। सिराज इस समय ऑस्ट्रेलिया में थे और वैश्विक महामारी के कारण लागू पृथकवास प्रतिबंधों के कारण वह उनके अंतिम संस्कार में शामिल नहीं हो सके।

**क्या आप जानते हैं ?...** फ्रांस 1938 में खेले गये तीसरे विश्व कप फुटबॉल में पहली बार मेजबान देश और गत चैम्पियन को बिना क्वालीफाई करे प्रवेश देन की प्रथा शुरू हुई।

## कुहनेमन और मर्फी ने बेजोड़ प्रदर्शन किया : स्मिथ

अहमदाबाद, 13 मार्च। ऑस्ट्रेलिया के कार्यवाहक कप्तान स्टीव स्मिथ का मानना है कि भारत दौरे में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले स्पिनर टॉड मर्फी और मैथ्यू कुहनेमन ने भारतीय उपमहाद्वीप के अपने पहले दौरे में शानदार प्रदर्शन किया। अनुभवी नाथन लियोन 22 विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे लेकिन ऑफ स्पिनर मर्फी (चार टेस्ट में से 14 विकेट) और कुहनेमन (तीन टेस्ट में नौ विकेट) ने भी कई स्टार बल्लेबाजों की मौजूदगी वाली भारतीय टीम के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया। स्मिथ ने श्रृंखला समाप्त होने के बाद कहा, ''सभी खिलाड़ियों ने पिछले कुछ सप्ताह में अच्छा प्रदर्शन किया। कुहनेमन और मर्फी ने भारत में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया, यह कई बार काफी चुनौतीपूर्ण हो सकता है और जिस तरह से उन्होंने प्रदर्शन किया वह शानदार था।'' उन्होंने ट्रैविस हेड की भी सराहना की जो नियमित सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर के कोहनी में फ्रैक्चर के कारण स्वदेश लौटने के कारण पारी का आगाज करने के लिए उतरे। स्मिथ ने कहा,''इतने कम समय में सलामी बल्लेबाज की भूमिका निभाना हेड के लिए वास्तव में सकारात्मक रहा। इसके अलावा ग्रीनी (कैमरन ग्रीन) ने जिस तरह से वापसी की, वह भी शानदार रहा।'' स्मिथ ने इसके साथ ही कहा कि श्रृंखला बेहतर माहौल में खेली गई। उन्होंने कहा, ''मैच वास्तव में अच्छी भावना में खेले गए। हम सहजता से खेल रहे थे। हम क्रिकेट को बात करने दे रहे थे। हम बस एक अच्छी श्रृंखला का हिस्सा बनना चाह रहे थे। प्रत्येक मैदान पर खेल का आनंद ले रहा था। पहले तीन मैच जल्दी समाप्त हो गए, लेकिन यह एक शानदार श्रृंखला थी और बहुत मज़ा आया।''

## कीनिया ओपन में 65वें स्थान पर रहे मनु गंडास

रोबी, 13 मार्च। भारत के मनु गंडास मैजिकल कीनिया ओपन गोल्फ प्रतियोगिता के अंतिम दौर में एक ओवर 73 का ही स्कोर बना पाए और इस तरह से संयुक्त 65वें स्थान पर रहे। गंडास ने चौथे और अंतिम दौर में तीन बर्डी बनाई, लेकिन इस बीच उन्होंने चार बोगी भी की। उनका कुल स्कोर एक अंडर 283 रहा। इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे एक अन्य भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा कट में जगह नहीं बना पाए थे। स्पेन के जॉर्ज कैंपिलो ने दो स्ट्रोक की बढ़त से अपना तीसरा डीपी विश्व टूर खिताब जीता।

## चिक्कारंगप्पा छठे स्थान पर रहे, ऑर्म्सबी ने जीता खिताब

हुआ हिन, 13 मार्च। तीसरे दौर के बाद चार खिलाड़ियों के साथ संयुक्त बढ़त हासिल करने वाले भारतीय गोल्फर एस चिक्कारंगप्पा अंतिम दौर में डबल बोगी से शुरुआत करने के बाद उससे उबर नहीं पाए और अंतरराष्ट्रीय सीरीज थाईलैंड में संयुक्त छठे स्थान पर रहे। चिक्कारंगप्पा ने अंतिम दौर में दो अंडर 70 का स्कोर किया और कुल 17 अंडर के स्कोर के साथ छठे स्थान पर रहे। ऑस्ट्रेलिया के वेड ऑर्म्सबी ने सडन डेथ प्लेऑफ के पहले होल में ही चोनलटिट चुएनबूनगम को हराकर खिताब जीता। भारत के अन्य खिलाड़ियों में करणदीप कोचर (70) संयुक्त 22वें, हनी बैसोया (69) संयुक्त 34वें, वीर अहलावत (69) और गगनजीत भुल्लर (69) संयुक्त 48वें तथा ज्योति रंधावा (73) संयुक्त 72वें स्थान पर रहे।

## मैंने एशिया कप और विश्व कप पर अपने विकल्प खुले रखे हैं : पीसीबी अध्यक्ष

लाहौर, 13 मार्च। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष नजम सेठी ने इस साल पाकिस्तान में होने वाले एशिया कप और भारत में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप को लेकर 'जल्दी स्थिति स्पष्ट' करने की बात करते हुए कहा कि वह सभी विकल्पों पर विचार कर रहे है। सेठी ने कहा कि वह एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की अगली बैठक में इन मुद्दों को उठाएंगे। उन्होंने सोमवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''हमारे सामने जटिल मुद्दे हैं लेकिन जब मैं एसीसी और आईसीसी की बैठकों में जाऊंगा तो मुझे सभी विकल्प खुले रहने होंगे। हमें हालांकि अब स्थिति स्पष्ट कर लेनी चाहिये।'' उन्होंने कहा कि एशिया कप के लिए अपनी टीम को पाकिस्तान नहीं भेजने के भारत के रुख में कोई बदलाव नहीं आया है। पीसीबी हालांकि इस बात पर अडिग है कि अगर भारतीय टीम एशिया कप के लिए उनके देश का दौरा नहीं करेगी तोपाकिस्तान को भी भारत में विश्व कप नहीं खेलने के बारे में सोचना होगा। उन्होंने कहा, ''मैंने अपने विकल्प खुले रखे हैं क्योंकि जब सभी टीमें पाकिस्तान आ रही हैं और सुरक्षा को लेकर कोई समस्या नहीं है तो भारत सुरक्षा को लेकर चिंतित क्यों है। मैं आगामी बैठकों में इस बात को बताऊंगा कि अगर भारत को समस्या है तो हमारी टीम को भी भारत में विश्व कप के दौरान सुरक्षा की चिंता है।'' आईसीसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और कार्यकारी बोर्ड की बैठक इस महीने हो रही हैं। इस बैठक में सेठी और पीसीबी का प्रतिनिधित्व करने वाले अन्य अधिकारी शामिल होंगे। उन्होंने कहा, ''जाहिर है हम इस रुख (भारत) का समर्थन नहीं करते हैं क्योंकि हम एशिया कप आयोजित करना चाहते हैं और याद रखें कि यह सिर्फ एशिया कप और विश्व कप के बारे में नहीं है, यह पाकिस्तान में 2025 में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के बारे में भी है।'' सेठी ने कहा कि वह इस बैठक में जाने से पहले इस मुद्दे पर सरकार की राय भी जानना चाहेंगे।

# भारत ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी जीती, चौथा टेस्ट ड्रॉ



अहमदाबाद, 13 मार्च। ट्राविस हेड (90) और मार्नस लाबुशेन (63 नाबाद) के जुझारू अर्द्धशतकों के कारण चौथा टेस्ट सोमवार को ड्रॉ होने के बाद भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट सीरीज 2-1 से जीत ली। ऑस्ट्रेलिया पांचवें दिन की शुरुआत में 88 रन से पिछड़ा हुआ था। मैथ्यू कुह्नेमन (06) का विकेट जल्दी गिरने के बाद हेड और लाबुशेन ने दूसरे विकेट के लिये करीब 49 ओवर में 129 रन की साझेदारी की। सलामी बल्लेबाज हेड ने 163 गेंद पर 10 चौकों और दो छक्कों के साथ 90 रन बनाये, जबकि लाबुशेन ने अपने धैर्य का परिचय देते हुए 213 गेंद में मात्र सात चौके लगाकर 63 रन की नाबाद पारी खेली।

ऑस्ट्रेलियाई पारी के 78 ओवर गुज़रने के बाद भी सिर्फ दो विकेट गिरने पर कप्तान रोहित शर्मा और स्टीव स्मिथ हाथ मिलाकर मैच को ड्रॉ करने पर सहमत हुए। भारत ने इस सीरीज जीत के साथ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में भी जगह बना ली है। इंग्लैंड के ओवल मैदान पर जून में होने वाले फाइनल में भारत का सामना ऑस्ट्रेलिया से ही होगा। ऑस्ट्रेलिया ने नरेंद्र मोदी स्टेडियम की बेजान पिच पर दिन की शुरुआत कुह्नेमन का विकेट गंवाकर की, हालांकि इसके बाद हेड और लाबुशेन पिच पर जम गये। भारत को दिन की पहली सफलता दिलाते हुए रविचंद्रन अश्विन ने कुह्नेमन को छह रन पर पगबाधा किया।

अश्विन ने इसके बाद भी ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को परेशान किया लेकिन दूसरे छोर से साथ न मिलने के कारण वह कंगारुओं पर दबाव नहीं बना सके। पहला सत्र समाप्त होने से पहले हेड अश्विन की गेंद पर पगबाधा होने से बच गये क्योंकि अंपायर का फैसला उनके हित में गया। हेड ने इस जीवनदान का पूरा लाभ उठाते हुए लाबुशेन के साथ लंच के बाद शतकीय साझेदारी कर डाली।

हेड भारतीय सरजमीन पर अपने पहले टेस्ट शतक की ओर बढ़ रहे थे, जब अक्षर पटेल ने उन्हें 90 रन के स्कोर पर बोल्ड कर दिया। यह टेस्ट क्रिकेट में अक्षर पटेल का 50वां विकेट था। वह सबसे कम गेंदों में यह उपलब्धि हासिल करने वाले भारतीय खिलाड़ी हैं।

हेड का विकेट गिरने के बाद भारत को स्टीव स्मिथ के विश्व-स्तरीय डिफेंस का सामना करना पड़ा। दूसरा सत्र समाप्त होने से पहले अश्विन की गेंद स्मिथ के बल्ले को छूती हुई निकली लेकिन विकेटकीपर श्रीकर भरत उसे लपकने में नाकाम रहे। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में दूसरे सत्र के समापन तक क्राइस्टचर्च में न्यूजीलैंड ने श्रीलंका को दो विकेट से मात दे दी थी, जिसके कारण रोहित की टीम डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंच गयी। स्मिथ (59 गेंद, 10 रन) और लाबुशेन ने आपस में 19 ओवर तक बल्लेबाजी की, जिसके बाद दोनों कप्तानों ने हाथ मिलाकर मैच को समाप्त किया।

विराट कोहली को उनकी 186 रन की शानदार पारी के लिये प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। अश्विन (25 विकेट, 86 रन) और रवींद्र जडेजा (22 विकेट, 135 रन) अपने चौतरफा प्रदर्शन के कारण प्लेयर ऑफ द सीरीज पुरस्कार के संयुक्त विजेता रहे। इस ड्रॉ के साथ भारत ने सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। यह भारत की ऑस्ट्रेलिया पर लगातार चौथी टेस्ट सीरीज जीत है। कुल मिलाकर, भारत ने 16 बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखलाओं में से 10 जीती हैं। यह अपने घर में भारत की लगातार 16वीं टेस्ट सीरीज जीत भी है।

### भारत ने विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में जगह बनायी

अहमदाबाद, 13 मार्च। भारतीय टीम ने एक बार फिर नया इतिहास रचते हुए वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जगह पक्की कर ली है। यह लगातार दूसरा मौका है जब टीम इंडिया ने यह मुकाम हासिल किया है। क्राइस्टचर्च में खेले गए पहले टेस्ट मैच में न्यूजीलैंड ने श्रीलंका को दो विकेट से हरा दिया है, जिसके बाद टीम इंडिया वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंच गया है। इसके साथ ही भारत ने 07 जून, 2023 से द ओवल में शुरू होने जा रहे विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज में भारत ने खराब शुरुआत की। जिससे उसकी डब्ल्यूटीसी में न पहुंचने की संभावना 57 प्रतिशत तक पहुंच गया, लेकिन अहमदाबाद में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टेस्ट में खराब ओवर गति के लिए कोई पेनल्टी अंक नहीं है। डब्ल्यूटीसी की प्वाइंट्स टेबल पर एक नजर डालें तो ऑस्ट्रेलिया के 148 अंक हैं और उसका जीत प्रतिशत 68.52 है। अंक तालिका के हिसाब से भारत इस वक्त दूसरे नंबर पर चल रहा है। भारत के पास 123 अंक हैं और उसका जीत प्रतिशत 60.29 है। तीसरे नंबर पर श्रीलंका की टीम है, जिसके पास 64 अंक हैं और उसका जीत प्रतिशत 48.48 का है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू मैदान पर चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला की शुरुआती तीन मैचों में भारत की 2-1 से बढ़त रोहित शर्मा की टीम के लिए डब्ल्यूटीसी फाइनल में जगह बनाने के लिए पर्याप्त साबित हुआ।

# ऐसी जगह नहीं हूं कि क्रीज पर उतरकर किसी को गलत सबित करूं : विराट कोहली



**मैं अब उस जगह पर नहीं हूं जहां मैं मैदान पर उतरूं और किसी को गलत साबित करूं। मुझे इसे भी सही ठहराने की जरूरत है कि मैं मैदान पर क्यों हूं**

अहमदाबाद, 13 मार्च। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ यहां 186 रन की धैर्यपूर्ण पारी के साथ टेस्ट क्रिकेट में शतक के सूखे को खत्म करने वाले भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने सोमवार को कहा कि वह उस जगह पर नहीं है कि मैदान पर जाकर किसी को गलत साबित करें।

कोहली को अपने 28वें टेस्ट शतक के लिए तीन साल से अधिक समय का इंतजार करना पड़ा। यहां चौथे और अंतिम टेस्ट की पहली पारी में उनके शतक की मदद से भारत ने ऑस्ट्रेलिया के 480 रन के जवाब में 571 रन का स्कोर खड़ा किया।

मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने जाने के बाद कोहली ने कहा, ''एक खिलाड़ी के रूप में मेरी स्वयं से जो अपेक्षाएं हैं वे मेरे लिए अधिक महत्वपूर्ण हैं।'' अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 75 शतक जड़ चुके कोहली ने कहा, ''मैं अब उस जगह पर नहीं हूं जहां मैं मैदान पर उतरूं और किसी को गलत साबित करूं। मुझे इसे भी सही ठहराने की जरूरत है कि मैं मैदान पर क्यों हूं।''

उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि टेस्ट क्रिकेट में मैं पिछले कुछ समय में उस लय के साथ नहीं खेल पा रहा था जिसके साथ मैं पिछले 10 वर्षों से खेल रहा हूं। इसलिए मैं यही एक चीज करने की कोशिश कर रहा था। मुझे लगा जैसे कि मैं नागपुर में पहली पारी से काफी अच्छी बल्लेबाजी कर रहा हूं।''

कोहली ने स्वीकार किया कि वह टेस्ट प्रारूप में स्वयं को दोहरा नहीं पा रहे थे इसलिए उन्हें अधिक मेहनत करनी पड़ी। कोहली ने 186 की अपनी पारी में 364 गेंद का सामना किया और बाउंड्री से केवल 60 रन बनाए।

यह एक सोची समझी रणनीति थी क्योंकि श्रेयस अय्यर के पीठ की चोट के कारण बाहर होने के बाद भारत के पास एक बल्लेबाज कम था। कोहली ने कहा, ''हमने श्रेयस को चोट के कारण खो दिया और एक बल्लेबाज कम था इसलिए हमने अधिक समय लेने का फैसला किया। हमारी नजरें लंबे समय तक बल्लेबाजी करने पर टिकी थी।''

उन्होंने कहा, ''हम टीम के लिए जितना संभव हो उतने लंबे समय तक बल्लेबाजी पर ध्यान केंद्रित करते हैं। मैंने कुछ समय के लिए ऐसा किया लेकिन उस क्षमता के साथ नहीं जैसे मैं अतीत में करता रहा हूं।''

कोहली ने कहा, ''उस नजरिए से मैं निराश था लेकिन विश्वास था कि मैं अच्छा खेल रहा हूं और अगर मुझे एक अच्छे विकेट पर मौका मिला तो मैं एक बड़ा स्कोर बना सकता हूं।'' रूक आईसीसी के महीने के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी बने, गार्डनर सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी

## डब्ल्यूटीसी फाइनल : तेज गेंदबाजों को आईपीएल के दौरान ट्रेनिंग के लिए ड्यूक गेंदें दी जाएंगी

अहमदाबाद, 13 मार्च। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने सोमवार को कहा कि जिन भारतीय खिलाड़ियों की इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टीमें इस टी20 लीग के प्ले ऑफ में जगह नहीं बना पाएंगी वे खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल से पहले लंदन में दो हफ्ते के अनुकूलन शिविर में हिस्सा ले सकते हैं। डब्ल्यूटीसी फाइनल आईपीएल के ठीक बाद जून में खेला जाएगा। आईपीएल फाइनल 29 मई को है जबकि डब्ल्यूटीसी फाइनल सात जून से ओवल में शुरू होगा। कोविड-19 के प्रकोप के बाद पहली बार आईपीएल घरेलू और विरोधी के मैदान के अपने मूल प्रारूप में खेला जाएगा, इस दौरान खिलाड़ियों को काफी यात्रा करनी होगी। भारत के मौजूदा नियमित टेस्ट खिलाड़ियों में केवल चेतेश्वर पुजारा ही आईपीएल का हिस्सा नहीं हैं। रोहित ने भारत के ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला 2-1 से जीतने के बाद प्रेस कांफ्रेंस में पीटीआई के एक सवाल के जवाब में कहा, ''यह हमारे लिए काफी महत्वपूर्ण है। हम उन सभी खिलाड़ियों के साथ लगातार संपर्क में रहेंगे जो उस फाइनल में खेलने जा रहे हैं और उनके कार्यभार की निगरानी करेंगे तथा देखेंगे कि उनके साथ क्या हो रहा है।'' उन्होंने कहा, ''21 मई के आसपास छह टीमें होंगी जो संभवत: आईपीएल प्ले ऑफ की दौड़ से बाहर हो जाएंगी और इसलिए जो भी खिलाड़ी उपलब्ध होंगे हम कोशिश करेंगे कि वे जल्द से जल्द ब्रिटेन पहुंच जाएं।''

## पेरी का अर्द्धशतक बेकार, बैंगलोर की लगातार 5वीं हार

मुंबई, 13 मार्च। एलिसे पेरी (67 नाबाद) के अर्द्धशतक और ऋचा घोष (37) के साथ उनकी विस्फोटक साझेदारी के बावजूद दिल्ली कैपिटल्स ने विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में सोमवार को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को छह विकेट से मात दी। पहली जीत की तलाश कर रहे बैंगलोर ने कैपिटल्स के सामने 151 रन का लक्ष्य रखा। कैपिटल्स ने यह लक्ष्य 19.4 ओवर में हासिल करके बैंगलोर को उसकी पांचवी हार सौंपी। पेरी ने बैंगलोर की पारी को शुरू से अंत तक संबल देते हुए 52 गेंद पर चार चौकों और पांच छक्कों के साथ 67 रन बनाये।

## विलियम्सन ने न्यूजीलैंड को दिलाई यादगार जीत

क्राइस्टचर्च, 13 मार्च। अनुभवी बल्लेबाज केन विलियम्सन (121 नाबाद) के शानदार शतक और डैरिल मिचेल (81) के मैच-जिताऊ अर्द्धशतक की बदौलत न्यूज़ीलैंड ने रोमांचक पहले टेस्ट में रविवार को श्रीलंका के ऊपर दो विकेट की जीत दर्ज की। टेस्ट क्रिकेट की वैधता साबित करने वाले इस मुकाबले में श्रीलंका ने न्यूज़ीलैंड के सामने 285 रन का लक्ष्य रखा।

मेज़बान टीम ने यह लक्ष्य मैच की आखिरी गेंद पर हासिल किया। न्यूज़ीलैंड ने दिन की शुरुआत 28/1 के स्कोर से की लेकिन बारिश के कारण करीब आधे दिन का खेल बर्बाद हो गया। बारिश रुकने के बाद न्यूज़ीलैंड को 52 ओवर में जीत के लिये 257 रन चाहिये थे, जबकि श्रीलंका को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने की संभावनाएं जीवित रखने के लिये इतने ही ओवर में नौ विकेट चटकाने थे। प्रभात जयसूर्या ने यह संभावनाएं मजबूत करते हुए सलामी बल्लेबाज टॉम लैथम (25) और हेनरी निकोल्स (20) को छोटे स्कोर पर पवेलियन भेज दिया। विलियम्सन ने हालांकि अपने डिफेंस से एक छोर संभाले रखा और निकोल्स का विकेट गिरने के बाद उन्हें मिचेल का साथ मिल गया। मिचेल ने क्रीज पर आते ही जयसूर्या की गेंद पर छक्का जड़कर अपने इरादे साफ कर दिये। पहली पारी में शतक जड़ने वाले मिचेल ने अपनी तेजरफ्तार पारी में 86 गेंद पर तीन चौके और चार छक्के लगाते हुए 81 रन बनाये। उन्होंने विलियम्सन के साथ चौथे विकेट के लिये 142 रन की साझेदारी की और असिता फर्नांडो की गेंद पर आउट होने से पहले टीम को जीत के करीब पहुंचा दिया।

# एशियाई खेलों के साथ मुक्केबाजी को अलविदा कहना चाहती है मैरी कॉम

नयी दिल्ली, 13 मार्च। छह बार की विश्व चैम्पियन मुक्केबाज एमसी मेरीकोम के पास पूर्ण फिटनेस हासिल करने के लिए अधिक समय नहीं हैं क्योंकि उनकी नजरें एशियाई खेलों के साथ मुक्केबाजी को अलविदा कहने पर टिकी हैं। मेरीकोम को अगले साल संन्यास लेने के लिए 'बाध्य' होना पड़ेगा। पिछले साल राष्ट्रमंडल खेलों के चयन ट्रायल के दौरान अपने बाएं घुटने के मुड़ने के कारण इस अनुभवी मुक्केबाज का एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट टूट गया था और अगस्त में उन्हें सर्जरी करानी पड़ी।

मेरीकोम ने महिला विश्व चैम्पियनशिप से पहले भारतीय टीम की जर्सी के अनावरण के मौके पर कहा, ''राष्ट्रमंडल खेलों के ट्रायल के दौरान जो हुआ वह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण था। मुझे बड़ी चोट लगी और मुझे सर्जरी करवानी पड़ी।'' उन्होंने कहा, ''मैं जल्द वापसी की कोशिश कर रही हूं क्योंकि मेरे पास केवल इस साल का समय है, अगले साल मैं संन्यास लेने के लिए मजबूर हो जाऊंगी। इसलिए इस साल मैं संन्यास से पहले किसी भी प्रतियोगिता में भाग लेना चाहती हूं।''

नियमों के मुताबिक मुक्केबाज के लिए भागीदारी की अधिकतम उम्र 40 साल है और मणिपुर की यह मुक्केबाज नवंबर में



41 साल की हो जाएगी। मेरीकोम ने कहा, ''मैं संन्यास नहीं लेना चाहती। मैं अगले पांच वर्षों तक प्रतिस्पर्धा करना चाहती हूं लेकिन 40 की उम्र से ऊपर हम प्रतिस्पर्धा नहीं कर सकते, यही नियम है।''

उन्होंने कहा, ''मेरा मुख्य लक्ष्य एशियाई खेल हैं, उम्मीद है कि मैं तब तक ठीक हो जाऊंगी। मेरे पास तैयारी के लिए भी समय होगा। संन्यास से पहले इस साल एक बार प्रतिस्पर्धा करना मेरा सपना है।'' पिछले साल स्थगित किए गए एशियाई खेल इस साल 23 सितंबर से आठ अक्टूबर तक होने हैं। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में चयन के लिए लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता मेरीकोम को नई चयन प्रक्रिया से गुजरना होगा जिसके लिए मुक्केबाज को राष्ट्रीय शिविर में एक मूल्यांकन परीक्षा से गुजरना होगा। बहुत जल्द मैं दौड़ने और ट्रेनिंग करने में सक्षम हो जाऊंगी। मैं अपने स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रही हूं। अगर मैं प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम हो जाती हूं तो मैं चयन के लिए मुक्केबाजों को हराने की कोशिश करूंगी।'' मेरीकोम ने कहा, ''लेकिन अगर मैं एशियाई खेलों के लिए फिट नहीं होती हूं तो मैं एक बार किसी अन्य अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेना चाहती हूं।''

### महिला मुक्केबाजों के लिये बढ़ रहे अवसर : मैरी कॉम

नयी दिल्ली, 13 मार्च। दिग्गज भारतीय मुक्केबाज और छह बार की विश्व चैंपियन एमसी मैरी कॉम ने महिला विश्व चैंपियनशिप की ब्रांड अंबैसडर बनने पर सोमवार को कहा कि पिछले कुछ वर्षों में हुए तीव्र बदलावों के कारण महिला मुक्केबाजों को ज्यादा अवसर मिल रहे हैं। मैरी कॉम ने यहां पत्रकारों से कहा, पिछले कुछ सालों में (महिला मुक्केबाजी का परिदृश्य) काफी हद तक बदला है। पुरुष मुक्केबाजी की तुलना में महिलाओं के आयोजन ज्यादा नहीं होते थे। पहले (राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में) कुछ राज्यों की महिलाएं ही हिस्सा लेती थीं। अब हम देखते हैं कि राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं या विश्वविद्यालय स्तर की प्रतियोगिताओं में.... भारत में जितनी भी प्रतियोगिताएं होती हैं उनमें सभी राज्य अपनी महिलाओं को भेज रहे हैं। सिर्फ सीनियर महिलाओं के लिये ही नहीं बल्कि यूथ, जूनियर और सब-जूनियर स्तर पर भी लड़कियों को ज्यादा से ज्यादा खेलने का मौका मिल रहा है। साथ ही अच्छा प्रदर्शन करने पर उन्हें विदेश में भारत का प्रतिनिधित्व करने का गौरव हासिल होता है। मैरी कॉम ने भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) द्वारा उन्हें महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप का ब्रांड अंबैसडर बनाये जाने के बाद यह बात कही।

## कोसोवो की मुक्केबाज का वीजा कारणों से विश्व चैम्पियनशिप से बाहर रहना तय

नयी दिल्ली, 13 मार्च। भारत में होने वाली महिला मुक्केबाजी विश्व चैम्पियनशिप में हिस्सा लेने के लिये भारतीय वीजा हासिल करने की सारी उम्मीदें खो चुकी कोसोवो की मुक्केबाज डोनजेता सादिकु ने अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ के टूर्नामेंट की मेजबानी के अधिकार भारत को देने के फैसले पर सवाल उठाया है। सादिकु की आईबीए की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भाग लेने को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है क्योंकि भारत सरकार ने अभी तक उन्हें वीजा नहीं दिया है। भारत दक्षिण पूर्वी यूरोप के विवादित क्षेत्र कोसोवो को मान्यता नहीं देता है। कोसोवो का खेल मंत्रालय भारत सरकार से संपर्क करने की कोशिश कर रहा है लेकिन लगता है कि उन्हें फिर से इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ेगा।


**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**

**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अधीन नोटिस**

समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर 10/2023

(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि डा. श्री सम्पत सिंह शेखावत निवासी अमरसरवाटी-तोरावाटी, भौमिया संघ, राजपूत छात्रावास, स्टेशन रोड जयपुर प्रन्यासी, अमरसरवाटी तोरावाटी भोमिया संघ शैक्षणिक एवं सामाजिक न्यास, राजपूत छात्रावास स्टेशन रोड, जयपुर पंजीयन क्रमांक 17 जयपुर 1998 है के सम्बन्ध में राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अन्तर्गत न्यास की बैठक दिनांक 15.01.2023 में लिये गये निर्णय के अनुसार प्रन्यास में श्री नरपत सिंह शेखावत, श्री राजवीर सिंह शेखावत, श्री विक्रम सिंह तंवर, श्री जयराम सिंह तंवर व श्री कमल सिंह शेखावत के नाम बतौर नवीन प्रन्यासी रिकार्ड में दर्ज अभिलेख कराने का निवेदन कर जांच किये जाने के लिए प्रपत्र-8 में आवेदन-पत्र दिया है। अतएवं धारा 23 में प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास में हुये परिवर्तन/संशोधन जिसकी जांच की जा रही है, मैं हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से तीस दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच प्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 21.02.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइंदा तारीख पेशी 28.03.2023

मोहर अदालत

रतनलाल योगी (आर.ए.एस.)
सहायक आयुक्त (प्रथम)
देवस्थान विभाग, जयपुर

प्रपत्र संख्या 7

(देखिये नियम 21)

**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**

**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस**

समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर 32/2023

(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि श्रीमति सरिता वर्मा पत्नी श्री बाबूलाल निवासी एफ 230 नेहरू नगर, सीतारामपुरा कच्ची बस्ती जयपुर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत न्याय फाउण्डेशन, सी-37 प्रेम कॉलोनी, आर.पी.ए. रोड, नेहरू नगर जयपुर 302016 प्रन्यास के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के समस्त व्यक्तियों नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच प्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 15.02.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइंदा तारीख पेशी 24.04.2023

मोहर अदालत

रतनलाल योगी (आर.ए.एस.)
सहायक आयुक्त (प्रथम)
देवस्थान विभाग, जयपुर

**कार्यालय नगर विकास प्रन्यास, उदयपुर ( राज. )**

No.:F-2(01)Acct/Contract/2022/369-371 Date: 13-03-2023

**''ई-निविदा संशोधन सूचना''**

न्यास द्वारा जारी ई-निविदा सूचना संख्या: 88/2022-23 के निविदा कार्य संख्या- 08 (फतहसागर झील की सफाई व्यवस्था को सुदृढ करने हेतु संवेदक के मार्फत श्रमिक लगाने का कार्य।) की तिथियों में अपरिहार्य कारणों से निम्नानुसार संशोधन किया गया है, ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड/अपलोड एंव EMD,Tender Fee & Processing Fee Online दिनांक: 17-03-2023 को सांय: 6.00 बजे तक जमा की जा सकेगें एंव दिनांक: 20-03-2023 को प्रात: 11.00 बजे खोली जावेगी।

अन्य शर्ते यथावत रहेगी।

अधिशाषी अभियन्ता-चतुर्थ,
नगर विकास प्रन्यास, उदयपुर